CS (MAIN) Exam : 2017

वियोज्य DETACHABLE

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र I)

# ECONOMICS (Paper I)

समय : तीन घण्टे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खंडों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

ग्राफ/विशदीकरण, जहाँ जरूरी हो, प्रश्न के साथ ही उत्तर देने के लिए निर्दिष्ट जगह पर अंकन करना/देना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **Two Sections** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words : $10 \times 5 = 50$

1.(a) कॉब-डगलस उत्पादन फलन के साथ क्रियाशील फर्म के लिए विस्तार पथ को व्युत्पन्न कीजिए ।

Derive the expansion path for a firm operating with the Cobb-Douglas Production Function. 10

1.(b) "एकाधिकारी प्रतियोगिता के अन्तर्गत फर्म एकाधिकार शक्ति का भोग तो करती है किन्तु एकाधिकार लाभ अर्जित नहीं करती है ।" व्याख्या कीजिए ।

"Under monopolistic competition a firm enjoys monopoly power without enjoying monopoly profit." — Explain. 10

1.(c) दर्शाइए कि मंदी की अवधि के दौरान संपूर्ण कीन्सवादी माडल में केवल राजकोषीय नीति ही प्रभावी होती है ।

Show that in the complete Keynesian model only fiscal policy is effective during a period of depression. 10

1.(d) व्यक्तियों और बाज़ारों के प्रबंधन में नव क्लासिकी और नव कीन्सवादी उपागमों के अभिगृहीतों के बीच अंतर को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the difference between the assumptions of New Classical and the New Keynesian approaches in managing individuals and markets. 10

1.(e) दर्शाइए कि पूर्ण रोज़गार क्लासिकी समष्टि माडल का तार्किक निष्कर्ष होता है ।

Show that full employment is the logical conclusion of the Classical macro model. 10

www.mpscmaterial.com

2.(a) "सामाजिक कल्याण अधिकतमकरण के लिए पैरेटो इष्टतमता शर्तें आवश्यक तो हैं परंतु पर्याप्त शर्तें नहीं हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Pareto optimality conditions are necessary but not sufficient conditions for social welfare maximisation." Comment. 15

2.(b) उन परिस्थितियों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए, जिनमें राजकोषीय प्रसार पूर्ण बहिर्गमन को बढ़ावा देता है ।

Discuss briefly the circumstances where fiscal expansion leads to full crowding out. 15

2.(c) स्पष्ट कीजिए कि श्रम की आपूर्ति में वृद्धि होने की दशा में, यदि मौद्रिक मजदूरी अनम्य हो जाय, तो प्रारूपिक क्लासिकी माडल में साम्यावस्था रोज़गार और वास्तविक मजदूरी किस प्रकार परिवर्तित होंगे ।

Explain how the equilibrium employment and real wage would change in a typically classical model if, in the event of increase in supply of labour, money wage becomes rigid. 20

3.(a) फर्मों के प्रवेश की अनुमति की दशा में, फर्म और समूह की साम्यावस्था को समझाने के लिए, चैंबरलिन किस प्रकार योजनाबद्ध विक्रय वक्र का इस्तेमाल करते हैं ?

How Chamberlin uses planned sales curve to explain equilibrium of a firm and group when the entry of firms is permitted ? 15



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**3.**(b) प्रत्याशा की जाती है कि विमुद्रीकरण के फलस्वरूप मुद्रा के जमा पर अनुपात में गिरावट आएगी। मुद्रा गुणक सिद्धांत का प्रयोग करते हुए इसके मुद्रा की पूर्ति पर पड़ने वाले सम्भव प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

Demonetisation is expected to result in a fall in the ratio of currency to deposit. Using the money multiplier theory explain its possible impact on supply of money. 15

**3.**(c) क्या कारण है कि आप मुद्रा पूर्ति एवं समग्र व्यय में उच्च सहसम्बन्ध की प्रत्याशा करते हैं ? क्या यह मुद्रावादी तथा राजकोषवादियों के बीच वादविवाद का समाधान करता है ?

Why do you expect a high correlation between the money supply and aggregate expenditure ? Does this resolve the monetarist-fiscalist debate ? 20

**4.**(a) वित्तीय दमन क्या होता है ? इसके कुछ परिणामों का उल्लेख कीजिए।

What is financial repression ? Mention some of its consequences. 15

**4.**(b) "मुद्रा के लिए लेन-देन माँग सदैव ब्याज दर के सापेक्ष लोचहीन नहीं होती है।" चर्चा कीजिए।

"Transaction demand for money is not always interest rate inelastic." Discuss. 15

**4.**(c) एल एम वक्र की ढाल पर कींसवादी और क्लासिकी प्रभावों को दर्शाने के लिए उनके चरम मौद्रिक अभिगृहीतों को स्पष्ट कीजिए।

Explain the Keynesian and classical extreme monetary assumptions for showing their effects on the slope of the LM curve. 20

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

**5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**5.**(a) प्रभावी और विभेदक कर-भार के बीच भेद कीजिए।

Distinguish between effective and differential tax incidence. 10

**5.**(b) व्यापार के गुरुत्व माडल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write a short note on gravity model of trade. 10

**5.**(c) प्रस्ताव वक्र की सहायता से किसी देश के इष्टतम प्रशुल्क का निर्धारण कीजिए।

Determine optimum tariff of a country with the help of offer curve. 10

**5.**(d) 'सोलो-अवशिष्ट' क्या है ? इसके क्या निहितार्थ हैं ?

What is 'solow-residual' ? What are its implications ? 10

**5.**(e) भारत के लिए 'गैट्स' के अन्तर्गत, उच्च शिक्षा में व्यापार के क्या निहितार्थ हैं ?

What are the implications of trade in higher education under GATS for India ? 10

**6.**(a) "किसी वस्तु से सम्बन्धित प्रशुल्क के उपभोग एवं उत्पादन प्रभाव क्रमशः माँग और पूर्ति की लोचों पर निर्भर करते हैं।" विवेचना कीजिए।

"The consumption and production effects of a tariff for a commodity depend on the elasticities of demand and supply respectively." Discuss. 15



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**6.**(b) "स्थिर विनिमय दर प्रणाली के अन्तर्गत, विकाशशील अर्थव्यवस्था की भुगतान सन्तुलन स्थिति में सुधार करने में अवमूल्यन की तुलना में मौद्रिक संकुचन बेहतर विकल्प होता है ।" व्याख्या कीजिए ।

"Monetary Contraction is a better option than devaluation to improve balance of payments position of a developing economy under fixed exchange rate system." Discuss. 15

**6.**(c) क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) के अन्तर्गत मुक्त व्यापार के प्रति प्रीति अब समाप्ति पर है ? अपने उत्तर के पक्ष में कारण भी प्रस्तुत कीजिए ।

Do you agree with the view that the honeymoon with free trade under W.T.O. is at an end ? Give reasons for your answer. 20

**7.**(a) पेट्रोलियम विश्व बाजार में बेचा जाता है और उसकी कीमत यू.एस. डालर में व्यक्त होती है । भारत में 'रिस्को' को अपने विनिर्माण में इस्तेमाल के लिए पेट्रोलियम का आयात करना आवश्यक है । जब यू.एस. डालर के प्रति भारतीय रूपये का मूल्य ह्रास हो तब इस कम्पनी के लाभ पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

Petroleum is sold in the world market and priced in US dollars. RISCO in India must import petroleum to use it in its manufacturing. How are its profit affected when Indian rupee depreciates against the US dollar ? 15

**7.**(b) एरो के असंभवता प्रमेय का कथन कीजिए और व्याख्या कीजिए। सामाजिक कल्याण के अधिकतमकरण के लिए सेन इसका किस प्रकार आशोधन करते हैं ?

www.mpscmaterial.com

State and discuss Arrow Impossibility theorem. How does Sen modify it for social welfare maximisation ? 15

**7.**(c) दर्शाइये कि कॉब-डगलस उत्पादन फलन हिक्स एवं हैराड दोनों की तटस्थ तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है ।

Show that Cobb-Douglas Production Function exhibits both Hicks and Harrod neutral technical progress. 20

**8.**(a) "आर्थिक अनिश्चितताओं के परिप्रेक्ष में आर्थिक विकास का हरशचमैन (Hirschman) का उपागम अधिक समझदारीपूर्ण है ।" विवेचना कीजिए ।

"In view of economic uncertainties, Hirschman approach to economic development makes more sense." Discuss. 15

**8.**(b) "पर्यावरण एवं विकास के मध्य नफा-नुकसान (ट्रेड-आफ) का समाधान अभी भी नहीं हो पाया है ।" पेरिस जलवायु करार से अमेरिका के बहिर्गमन के संदर्भ में इस कथन पर टिप्पणी कीजिए ।

"The trade-off between environment and development remains unresolved." Comment in view of the United States exiting from Paris Climate Agreement. 15

**8.**(c) आन्तरिक सार्वजनिक ऋण से उत्पन्न होने वाली अंत:पीढ़ी असमता की समस्या की व्याख्या कीजिए ।

Discuss the problem of intergenerational inequity arising out of internal public debt. 20

---



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial